तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में नहीं एक भी मुक्तांजली वाहन



(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

## खबर संक्षेप

### मंगलवार को सुबह 8 बजे से बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में आई तकनीकी खराबी के सुधार के लिए सुबह 8 बजे से 11 बजे तक सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। ग्रामीण विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता रोशन नागवंशी ने बताया कि बिश्रामपुर स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में आई तकनीकी खराबी के सुधार एवं आवश्यक रखरखाव का कार्य आज सुबह 8 बजे प्रारंभ किया जाएगा तथा सुधार कार्य 11 बजे तक चलेगा। बिश्रामपुर उपकेन्द्र से ही सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर में विद्युत की आपूर्ति होती है। ऐसे में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक इन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सुबह 8 बजे के पूर्व पानी भरने सहित अन्य आवश्यक कार्य करने की सलाह दी है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 9 को

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 9 जून को प्रातः 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन, प्रगति एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में संबंधित सदस्यों को समय पर उपस्थित होने को कहा है।

### बकरी को मारने से पर महिला से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** आंगन में सुखाई धान को बकरी के खाने से नाराज हुई महिला ने जब बकरी को मारने लगी तो बकरी मालिक दो महिलाओं ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम करगीडीह निवासी श्रीमती पुन्नी बाई पति अमर साय गत दिन धान कटाई कर मिसाई के लिए घर के सामने आंगन में सुखाई थी। इसी बीच गांव के ही राधा बाई की बकरी धान को खाने लगी। एक दो बार महिला ने बकरी को भगाया लेकिन बकरी पुनः आकर धान खाने लगती जिससे परेशान होकर महिला ने बकरी को पकड़ मारते हुए राधा बाई के घर लेकर गई। इधर बकरी को मारने पर राधा बाई व श्यामपति ने गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चोरों ने पार किया आरक्षक की बाइक

**अम्बिकापुर।** भतीजी की शादी में शामिल होने गए आरक्षक की बाइक को चोरों ने घर के आंगन से पार कर दिया। आरक्षक ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट पस्ता थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार थाना चांदो में आरक्षक के पद पर पदस्थ संतोष राम तिग्गा आ. स्व. चैतु राम (40 वर्ष) भतीजी की शादी होने पर तीन दिन की छुट्टी लेकर बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवी 3711 से पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम उफिमा बहनापारा अपने घर 10 मई को गया था। आरक्षक बाइक को घर के आंगन में खड़ा कर शादी कार्यक्रम में व्यस्त हो गया। इसी बीच चोरों ने आंगन में खड़ी बाइक को पार कर दिया। आंगन से बाइक चोरी हो जाने की जानकारी लगने पर आरक्षक ने गांव सहित रिश्तेदार के यहां पता किया लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। जिस पर आरक्षक ने गत दिन पस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने किया सियान गुड़ी का उद्घाटन

# बुजुर्ग समाज की धरोहर, उनका सम्मान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- प्रभारी मंत्री ने वरिष्ठजनों के साथ खेला जुडो एवं कैरम

वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्ण, सुरक्षित और आनंदमय वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा स्थापित सियान गुड़ी डे-केयर सेंटर का शुभारंभ सोमवार को प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं। उनके अनुभवों से ही आने वाली पीढ़ियां सीख लेकर समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करती है। समाज में बुजुर्गों का सम्मान आवश्यक है। इसी सोच के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं एवं मनोरंजन की व्यवस्थाओं से युक्त सियान गुड़ी डे-केयर सेंटर की शुरूआत की गई है जिससे वे सम्मानपूर्वक आनंदमय वातावरण में अपना समय व्यतीत कर सकें। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में परिवार के सदस्य कई बार अपने बुजुर्गों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते, जिसके कारण वे अकेलेपन का अनुभव करते है। वरिष्ठ नागरिकों के इसी अकेलेपन को दूर करने तथा उन्हें सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सियान गुड़ी डे-केयर सेंटर की स्थापना की गई है। यह केंद्र बुजुर्गों के लिए सामाजिक जुड़ाव, स्वास्थ्य संरक्षण और मनोरंजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि डे केयर सेंटर में योग-प्राणायाम, फिजियोथेरेपी, प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, पुस्तकालय, पारिवारिक परामर्श, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियां, इंडोर गेम्स, स्वल्पाहार तथा भोजन जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। 25 सीटर केंद्र का संचालन सप्ताह में छह दिवस प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ कैरम और लूडो खेला तथा बुजुर्गों से संवाद किया। कार्यक्रम में शाल एवं श्रीफल भेंटकर बुजुर्गों को सम्मानित किया गया साथ ही उन्हें व्हीलचेयर एवं छड़ी प्रदान किया गया। बुजुर्गों के सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित टाटा शोरूम के पीछे स्थापित डे-केयर सेंटर का संचालन समाज कल्याण विभाग के सहयोग से अनामिका वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया जाएगा। 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस केंद्र में दिनभर मनोरंजन, सामाजिक सहभागिता और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से युक्त अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, ननि के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी सहित पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, भाजपा जिला महामंत्री अरूण सिंह, पार्षद कमलेश तिवारी, शशिकांत जायसवाल सहित अन्य पार्षदगण, कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ विनय अग्रवाल, उप संचालक व्ही.के.उइके, एसडीएम बनसिंह नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



वरिष्ठ नागरिक का सम्मान करते प्रभारी मंत्री।

### जय-वीरू के विवाद के कारण नहीं हो सका अस्पताल का निर्माण : चौधरी

अपने सरगुजा प्रवास के दौरान प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी द्वारा मेडिकल कॉलेज को लेकर दिए बयान के बाद सियाशी बयान बाजी शुरू हो गई। सियान गुड़ी डे केयर सेंटर के उद्घाटन के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरगुजा संभाग के सबसे बड़े राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन चार साल बाद भी अधूरा है। अस्पताल भवन निर्माण की लेटलतीफी के लिए उन्होंने सीधे तौर पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार बताया। वित्तमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जय-वीरू के झगड़े के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन नहीं बन सका। कांग्रेस सरकार में टीएस सिंहदेव स्वास्थ्य मंत्री एवं भूपेश बघेल वित्त मंत्री थे। दोनों नेताओं के बीच मतभेदों के कारण अस्पताल परियोजना समय पर पूरी नहीं हो सकी।

#### अपनी कमियों को छिपा रही सरकार : सिंहदेव



मेडिकल कॉलेज अस्पताल को लेकर चल रही सियासत के बीच उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना, संचालन, सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की शुरूआत और पीजी सीटों की स्वीकृति कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई थी। वर्तमान सरकार अपनी कमियों को छिपाने के लिए पुराने कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश कर रही है। सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अतिरिक्त चुनौतियों के बावजूद मेडिकल कॉलेज को शुरू कराय था जबकि वर्तमान सरकार कई वर्षों से सत्ता में होने के बावजूद अस्पताल से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य और टेंडर प्रक्रियाएं पूरी नहीं कर पाई है। यदि प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी मेडिकल कॉलेज की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करते हैं तो कांग्रेस उसका स्वागत करेगी। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर काम करने की जरूरत बताई।

#### सरकार नहीं करा सकी टेंडर : पाठक



प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के बयान जय-वीरू के विवाद के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण नहीं होने संबंधी बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा ने 2018 में एक ऐसे मेडिकल कॉलेज की विरासत सौंपी थी जिसका कोई भवन नहीं था तथा संसाधनों के अभाव में बारंबार सत्र शून्य वर्ष घोषित हो रहे थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की दूरदर्शी सोच ने शहर के मेडिकल कॉलेज का विशाल प्रांगण जनता को सौंपा तथा उनके प्रयासों से मेडिकल कॉलेज प्रदेश का दूसरा ऐसा कॉलेज बना जिसमें पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई होती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की भूमि पर भाजपा पार्षद के परिवार ने कब्जे के प्रयास में कोर्ट से स्टे लिया जिसके कारण निर्माण में विलंब हुआ। सत्ता जाने के बावजूद पूर्व उपमुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वर्तमान सरकार राशि स्वीकृत होने के बावजूद भवन निर्माण का टेंडर तक नहीं करा सकी है।

# हाथियों ने 14 महीनों में ली 39 ग्रामीणों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मानव-हाथी संघर्ष में नहीं आ रही कमी
- संपत्ति हानि पर विभाग ने किया 10 करोड़ से अधिक का भुगतान

सरगुजा में हाथियों के नियमित प्रवास के साढ़े तीन दशक हो गए लेकिन मानव-हाथी द्वदं में कमी नहीं आई है। हाथियों ने पिछले 14 महीनों में 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इस अवधि में हाथियों ने 39 लोगों की जान ली है।

सरगुजा के जंगलों में हाथियों के अलग-अलग दल पिछले 35 वर्षों से निवास कर रहे हैं। इस अवधि में हाथियों के स्वभाव में व्यापक बदलाव आया है। ग्रामीणों के व्यवहार में भी अंतर आया है। अब ग्रामीण हाथियों के नजदीक नहीं जाते साथ ही काफी सतर्कता के साथ अपने घरों में रातें गुजारते हैं। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण पिछले वर्षों की तुलना में जनहानि की घटनाओं में कमी आई है लेकिन संपत्ति क्षति की घटनाएं अभी लगातार बढ़ रही है। हाथी अपना प्राकृतिक रहवास छोड़कर लगातार बस्तियों का रूख कर रहे हैं वनस्पतियों की जगह फसलों का उपयोग भोजन के लिए कर रहे हैं। विभाग अभी तक हाथियों के नियंत्रण का स्थाई हल नहीं निकाल पाया है। हाथियों को नियंत्रित करने के लिए साल दर साल हो रहे नए-नए प्रयोग भी अब बंद हो गए है। आबादी क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही को रोकने विभाग के पास गजराज वाहन सहित साधन उपलब्ध है। हाथियों के भ्रमण स्थल की जानकारी को प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को समय पर उपलब्ध कराने को क्षति की रोकथाम के लिए प्रभावी माना जा रहा है। जनहानि होने के पीछे अधिकांश मामलों में ग्रामीणों को समय पर सूचना उपलब्ध नहीं होने की बातें सामने आई है।



### हाथियों ने ली 39 की जान

पिछले 14 महीनों में हाथियों ने 39 लोगों की जान ली है। जनहानि की अधिकांश घटनाएं हाथियों के मौजूद होने की सूचना के बावजूद जंगल में जाने के दौरान भिड़ंत में हुई है। जंगल में हाथियों के मौजूद होने के दौरान हर साल बड़ी संख्या में ग्रामीण महुआ बीनने जंगल जाते हैं तथा हाथियों के भिड़ंत में अपनी जान गवां देते हैं। युवाओं में हाथियों का वीडियों बनाने का चलन तेजी से बढ़ा है। हाथियों का वीडियों बनाने के दौरान भी युवकों से हाथियों का सामना हो जाता है तथा हाथी पटककर उनकी जान लेते हैं। चालू वित्त वर्ष के दो महीनों में हाथियों ने 5 लोगों को जान ली है। इस अवधि में हाथियों के हमले में 8 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए है।

### 10.36 करोड़ की संपत्ति नष्ट

हाथी न केवल फसलों को क्षति पहुंचा रहे हैं बल्कि घरों को भी लगातार ढहा रहे हैं। पिछले 14 महीनों में हाथियों के हमले में 42 पालतू मवेशियों की जान ली है। हाथियों ने सरगुजा वनवृत्त के विभिन्न क्षेत्रों में 7272 किसानों की फसल को नष्ट किया है तथा 1163 ग्रामीणों के घरों को ढहाया है। हाथियों द्वारा सम्पत्ति हानि के मामलों में विभाग ने प्रभावितों को 10.36 करोड़ का मुआवजा भुगतान किया है। हालांकि विभाग द्वारा निर्धारित फसल एवं मकान क्षति के मुआवजा राशि से ग्रामीण संतुष्ट नहीं है तथा इसे बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

#### बदल रहे रहवास क्षेत्र

गर्मी में खेत खाली हो गए हैं। खेतों में हाथियों के उपयोग योग्य फसले नहीं होने के कारण हाथी अब एक जंगल से दूसरे जंगल का रूख कर रहे हैं। जंगल से सटे क्षेत्रों में किसानों ने नदी-नालों में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की है जिससे हाथी अपनी भूख मिटा रहे है। वर्तमान में सरगुजा वनवृत्त के विभिन्न क्षेत्रों में 153 हाथी मौजूद हैं जिनमें सर्वाधिक 79 हाथी एलिफेंट रिजर्व तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में भ्रमण कर रहे हैं जबकि सरगुजा के जंगलों में 31 हाथी, सूरजपुर में 6, बलरामपुर में 2, जशपुर में 35 एवं गुरूघासदास टाइगर रिजर्व में 4 हाथी भ्रमण कर रहे हैं।

#### विकसित की गई हैं सुविधाएं

एलिफेंट रिजर्व में हाथियों का रहवास क्षेत्र अच्छी तरह विकसित किया गया है उनकी पसंद का चारा लगाया गया है। हाथी अब एलिफेंट रिजर्व में अधिक समय तक निवास कर रहे हैं। गर्मी के मौसम में हाथी आसपास के वनों का भ्रमण कर रहे हैं।

-वीबी केरकेट्टा
अधीक्षक, टाइगर

# स्वदेशी जागरण मंच का विचार वर्ग 13 व 14 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



स्वदेशी जागरण मंच द्वारा शहर में दो दिवसीय विचार वर्ग का आयोजन किया गया है। इस विचार वर्ग में पूरे छत्तीसगढ़ से व्यापारी, औद्योगिक हस्तियां शामिल होंगी।

आरएसएस की शाखा स्वदेशी जागरण मंच आने वाले 13 व 14 जून को शहर के माखन विहार होटल में विचार वर्ग का आयोजन करने जा रही है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत प्रमुख दीपक पटेल ने बताया कि हम जब स्वदेशी जागरण की बात करते है तो स्वदेशी वस्तुएं ही अपनाना है तक में सीमित रह जाते है जबकि ऐसा नही है आज के परिदृश्य में स्वदेशी जागरण का तात्पर्य है कि हम कैसे घरेलू उद्योगों को आगे बढ़ा सके। भारत का युवा कैसे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। आत्मनिर्भर बन सके। आधुनिक व बढ़ते में उसकी सहभागिता तय हो। इन सभी विषयों पर विचार करने, मनन मंथन करने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच 13 व 14 जून को शहर के होटल माखन विहार में एक विचार वर्ग का आयोजन करने जा रहा है। इस वर्ग में शामिल होने प्रदेश के सभी जिलों से छोटे-बड़े व्यापारी व उद्योग से जुड़े कारोबारी शामिल होंगे। प्रांत प्रमुख दीपक पटेल ने बताया कि वर्ग की तैयारियां जोरों पर है। इस दौरान स्वदेशी जागरण मंच के शुभव्रत चाकी, तजिन्दर बग्गा, शंकर त्रिपाठी आदि मौजूद थे। श्री चाकी ने बताया कि इस विचार वर्ग को संबोधित करने दिल्ली व नागपुर से बड़े विचारकों का आना तय हुआ है। वर्ग में लगभग 200 से ज्यादा व्यापारियों व विचारकों के शामिल होने की संभावना है।

### चुगलखोरी को लेकर दो महिलाओं में हिंसक झड़प एक के सिर में लगी गंभीर चोट

**रामानुजगंज।** नगर क्षेत्र में एक निजी फर्म में कार्यरत दो महिलाओं के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद ने सोमवार की रात हिंसक रूप ले लिया। दोनों महिलाओं के बीच हुई मारपीट में एक महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया।दोनों महिलाएं एक ही फर्म में कार्य करती हैं। बताया जा रहा है कि उनमें से एक महिला अक्सर दूसरी महिला से जुड़ी बातें और गतिविधियों की जानकारी फर्म मालिक तक पहुंचाती थी। इस बात को लेकर दूसरी महिला काफी समय से नाराज थी। उसका कहना था कि कार्यस्थल पर सभी को अपने काम से मतलब रखना चाहिए तथा किसी की व्यक्तिगत बातों को इधर-उधर पहुंचाने से बचना चाहिए। इसी कारण दोनों महिलाओं के बीच पहले भी कई बार कहासुनी और मनमुटाव की स्थिति बन चुकी थी। हालांकि सहकर्मियों द्वारा समझाइश देकर मामला शांत करा दिया जाता था। लेकिन बीती रात एक बार फिर दोनों आमने-सामने आ गईं। चुगलखोरी और आपसी विवाद को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते उग्र हो गई और दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक महिला को सिर पर गंभीर चोट लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। चोट गंभीर होने के कारण उसकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर मामला थाने पहुंचा, जहां दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच और चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आईएमए-एमएसएन के नेतृत्व में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के डीन को सौंपा गया ज्ञापन

# जुडों ने उठाई एमबीबीएस इंटर्न्स के स्टाइपेंड वृद्धि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जुडो के एमबीबीएस इंटर्न्स द्वारा लंबे समय से की जा रही स्टाइपेंड वृद्धि की मांग अब व्यापक आंदोलन का रूप लेती जा रही है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क आईएमए-एमएसएन छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में प्रदेशभर के मेडिकल छात्र एकजुट होकर इंटर्न्स को दिए जाने वाले मासिक स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग कर रहे हैं।

वर्तमान में राज्य के एमबीबीएस इंटर्न्स को अगस्त 2023 से मात्र 15,900 प्रतिमाह स्टाइपेंड प्राप्त हो रहा है, जबकि अस्पतालों में वे दिन-रात मरीजों की सेवा, आपातकालीन ड्यूटी, वार्ड प्रबंधन एवं अन्य चिकित्सकीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। छात्रों का कहना है कि बढ़ती महंगाई, कार्यभार तथा अन्य राज्यों में दिए जा रहे स्टाइपेंड की तुलना में यह राशि अत्यंत अपर्याप्त है। इसी कारण स्टाइपेंड को बढ़ाकर न्यूनतम 30,000 प्रतिमाह किए जाने की मांग उठाई जा रही है। अब तक प्रदेश के विभिन्न शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से 6,468 से अधिक विद्यार्थियों ने इस मांग के समर्थन में अपनी सहमति दर्ज कराई है। इनमें प्रथम वर्ष के छात्रों से लेकर वर्तमान इंटर्न्स तक सभी शैक्षणिक वर्षों के विद्यार्थी शामिल हैं। इसी क्रम में राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अंबिकापुर के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम को ज्ञापन सौंपकर इंटर्न्स की मांगों से अवगत कराया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जय शंकर शाह, अनुभव पांडेय, अमन सिंह एवं शशांक गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। डीन ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया हेतु अग्रेषित करने के निर्देश दिए। छात्रों ने आशा व्यक्त की कि उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई की जाएगी। यह संपूर्ण राज्यव्यापी अभियान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) अंबिकापुर के अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की, सचिव डॉ. अर्पण सिंह चौहान एवं आईएमए-एमएसएन छत्तीसगढ़ के संयोजक शाहदिल खुसरू के मार्गदर्शन, संरक्षण एवं नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। उनके निर्देशन में प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया जारी है, जिससे इंटर्न्स की न्यायोचित मांगों को शासन एवं प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जा सके। आईएमए -एमएसएन छत्तीसगढ़ के अनुसार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में ज्ञापन सौंपने के पश्चात इस विषय को राज्य शासन के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को भी विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा।





# संयुक्त टीम ने अवैध तरीके से संचालित दो क्लीनिक को किया सील

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रपुर में अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक को सील किया है।

शासन द्वारा निर्धारित निर्देशों की अवहेलना कर मनमानी पूर्वक क्लीनिक एवं दवा दुकान का संचालन करने के विरूद्ध प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन ने सोमवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड रामचंद्रनगर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संचालित क्लीनिक एवं दवा दुकानों की जांच की। इस दौरान हिन्द मेडिकल एवं देवांगन मेडिकल में गंभीर शिकायतें मिलने पर टीम ने दोनों क्लीनिक को सील कर दिया। बीएमओ डॉ.महेश गुप्ता ने बताया कि जांच के दौरान हिंद मेडिकल के लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई थी तथा संचालक द्वारा लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया था। अनियमितता पर क्लीनिक को तत्काल सील कर दिया गया। इसी तरह देवांगन मेडिकल का संचालन वैद्य अनुमति करना पाया गया।

क्लीनिक में मेडिकल कचरा के प्रबंधन में भारी लापरवाही पाई गई। अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक को सील किया गया है। उन्होंने बताया अवैध तरीके से संचालित क्लीनिकों की जांच आगे भी जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### विश्व पर्यावरण दिवस पर उद्यानिकी कॉलेज में किया गया पौधरोपण

**अम्बिकापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर उद्यानिकी महाविद्यालय सिलफिली द्वारा पौधरोपण किया गया साथ ही पौधा वितरण किया गया। सरपंच श्रीमती सधारण अगरिया के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण, फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। अधिष्ठाता डॉ.तिग्गा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा पौधरोपण इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यमों में से एक है। सरपंच श्रीमती अगरिया ने पौधरोपण को जनभागीदारी से जोड़ने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। महाविद्यालय के शिक्षकों ने फालदार पौधों के रोपण एवं रखरखाव की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित कृषकों एवं प्रतिभागियों को फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में खेत बचाओ अभियान अंतर्गत कृषकों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, मृदा आधारित उर्वरक, उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन आदि के बारे में जागरूक किया। उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, मृदा स्वास्थ्य संवर्धन एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रगतिशील किसान गोविंद विश्वास, प्रभाष बछाड़, संजय बैरागी, शासकीय एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### किसान कांग्रेस ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सूरजपुर।** जिला किसान कांग्रेस द्वारा सोमवार को प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट का घेराव कर किसानों के 12 सूत्री मांगों को तत्काल पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि प्रति एकड़ खाद के कटौती का फरमान तत्काल वापस करने, तीन बार में खाद देने की अव्यवहारिक नीति को बंद करने, डीजल पेट्रोल की सुलभ आपूर्ति करने, जरकिन में तेल लेने पर लगी पाबंदी हटाने, बिजली की बढ़ती दर को वापस करने, किसानों को मुफ्त बिजली प्रदान करने, खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने और पूरे प्रदेश में एक निश्चित दर किए जाने की मांग की। साथ ही केसीसी ऋण की राशि प्रति एकड़ 40 हजार किए जाने,कृषि उपज की एकमुश्त राशि का भुगतान किए जाने, विभाग योजना में पारदर्शिता एवं लंबित अनुदान का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इस दौरान विमलेश तिवारी, जसवंत सिंह, बृजेश मिश्रा, दीपक मानिकपुरी, दिलीप सोनी, बालेश्वर, देवेश राजवाड़े, सचिंद्र पाठक, लक्ष्मण राजवाड़े, वेद प्रकाश मिश्रा, आनंद चौधरी, राजेश्वर प्रजापति, बसराम सिंह, रितेश तिवारी, विनोद नेताम, नूर सलाम, उमेश मिश्रा, उमाशंकर चौधरी, इंद्रजीत शर्मा, कमल सिंह कोराम, बृजलाल लकड़ा, सीताराम साहू, राजेंद्र साहू, अनिल मिश्रा, बघोलन राम, रिजवान खान, सुपारी लाल राजवाड़े, फुलेश्वरी सिंह, मातेश्वरी वैष्णो, सुशील उइके, बिंदेश्वर कुशवाहा, कुलेश्वर राजवाड़े, दिलकेश्वर प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को रंगमंच सूरजपुर में होगा सामूहिक योग

**सूरजपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तर पर रंगमंच सूरजपुर में प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी विकासखण्डों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भी एक साथ सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन बड़ी संख्या में सहभागी होंगे। जिले में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित एवं समन्वित संचालन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा एवं उपसंचालक समाज कल्याण विभाग आलोक कुमार भवाल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर आयोजन से संबंधित कार्य दायित्व प्रदान किए गए हैं।

## पीएम के बाद शव पिकअप, ट्रैक्टर या ऑटो में ले जाने परिजन मजबूर

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में नहीं एक भी मुक्तांजलि वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ में मुक्तांजलि वाहन नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। आलम यह है कि दूर दराज से इलाज कराने यो अन्य घटनाओं में मरीज की मौत हो जाए तो परिजन को शव ले जाने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पडता है। ऐसे में अस्पताल से मुक्तांजलि वाहन की सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीणों को ट्रैक्टर, पिकअप या ऑटो से मोटी रकम खर्च कर शव घर ले जाने को मजबूर है। क्षेत्र के लोगों ने अस्पताल में मुक्तांजलि वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

**खास बात**
- परिजन की बढ़ी परेशानी

विकासखंड शंकरगढ़ के आदिवासी अचंल का एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शंकरगढ़ ब्लाक के कई ग्राम पंचायत के गांवों के लोग अपने मरीजों का उपचार कराने आते है। क्षेत्र में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण हर रोज बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल दाखिल होते है जिसमें कई मरीज की हालत गंभीर होती है वहीं किसी मरीज का उपचार के दौरान मौत हो गई तो परिजन की मुश्किलें काफी बढ़ जाती है। अस्पताल में एक भी मुक्तांजलि वाहन नहीं ने से परिजन को वाहन की व्यवस्था करने में घंटों लग जाते है। ऐसी स्थिति में शव अस्पताल में ही घंटो पड़ी रहती है। जबकि कई ग्रामीण ऐसे होते है जो पैसा के अभाव में शव घर तक नहीं ले जा पाते। ऐसी स्थिति में गरीब परिवार के लोग शव को घर ले जाने के लिए जगह जमीन को गिरवी रख देते है। हैरानी की बात यह है सामुदायिक अस्पताल में क्षेत्र कई गांव के लोग उपचार कराने आते है परंतु किसी की मौत हो जाने पर ग्रामीण परेशान न हो इसके लिए शव ले जाने की शव वाहन तक की सुविधा अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में क्षेत्र के लोग ट्रैक्टर, पिकअप व ऑटो से शव घर ले जाने को मजबूर है। तीन दिन पूर्व ही ग्राम पंचायत डीपाडीह से अपने घर बचवार लौट रहे शिक्षक सुरेश कोरवा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुक्तांजलि वाहन की सुविधा नहीं होने के कारण परिजन को शव पिकअप से घर ले जाना पड़ा। इस प्रकार की घटनाएं किसी मरीज या सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में मौत हो जाने के बाद आए दिन देखने को मिलता है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा आज तक शव वाहन के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र।



शव को पिकअप से ले जाते परिजन।

### गरीब परिवार को होती है परेशानी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जब कोई गरीब परिवार के सदस्य की मौत हो जाती है तो सबसे ज्यादा परेशानी परिवार के लोगों को शव घर तक ले जाने की होती है। पीएम उपरांत पैसों के अभाव में शव घंटो पीएम कक्ष में पड़ी रहती है जबकि परिवार के पास न पैसा होता है और न साधन जिससे वाहन व्यवस्था करने में घंटो लग जाते है। जिससे शव का अंतिम संस्कार दूसरे दिन ही हो पाता है। शंकरगढ़ ब्लाक काफी बड़ा क्षेत्र है जहां कई गांव ऐसे है जो पहुंच विहीन क्षेत्र में आते है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुक्तांजलि वाहन की सुविधा नहीं होने से लोगों को किस तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता होगा यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### करोड़ों खर्च फिर गरीब को लाभ नहीं

सरकार द्वारा गरीब, पिछड़ा आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर प्रतिं वर्ष करोड़ो रुपये खर्च करती है। बावजूद इसके गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। शंकरगढ़ क्षेत्र काफी बड़ा क्षेत्र होने के बाद भी एक मात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरतमंदों की सुविधा के लिए लिए शव घर तक ले जाने के लिए एक मुक्तांजलि वाहन की सुविधा नहीं है। ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला प्रशासन एवं विभाग से तत्काल मुक्तांजली वाहन उपलब्ध कराने की की मांग की है जिससे गरीबों को लाभ मिल सके।

### मजबूरी का उठाते है फायदा

एक तो करीबी की मौत हो जाने का गम और दूसरी ओर शव को घर ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं होने से परेशान परिजन की मजबूरी का फायदा निजी वाहन मालिक जमकर उठा रहे है। अस्पताल में शव वाहन नहीं नहीं होने पर परिजन किराए में वाहन कर ले जाने को मजबूर होते है जिसका फायदा निजी वाहन मालिक उठाते है। जो शव ले जाने वाले परिजन से मनमानी तरीके से किराया वसूल करते है।

### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुक्तांजलि वाहन उपलब्ध कराने के लिए कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र भेजे जा चुके है। इसके अलावा क्षेत्र के विधायक और सांसद को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुक्तांजलि वाहन की सुविधा नहीं होने के संबंध में अवगत कराया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शव वाहन की मांग लंबे समय से की जा रही है लेकिन स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

-**डॉ. आफताब अंसारी**, बीएमओ शंकरगढ़



## कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : शकुंतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

भारतीय जनता पार्टी जरही मंडल की मासिक बैठक ग्रीन वैली जरही में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर व्यापक मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

- भाजपा जरही मंडल की हुई मासिक बैठक

बैठक में मुख्य अतिथि विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि भाजपा की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो गांव-गांव और बूथ स्तर तक पार्टी की विचारधारा तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही। मंडल प्रभारी ललित गोयल ने कहा कि भाजपा का संगठन अनुशासन, समर्पण और सामूहिक नेतृत्व की भावना पर आधारित है। उन्होंने आगामी सदस्यता अभियान, बूथ विस्तार योजना और संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। बैठक में बूथ समितियों के गठन, पन्ना प्रमुखों की सक्रियता, सदस्यता विस्तार अभियान, सामाजिक समरसता कार्यक्रमों तथा युवा एवं महिला सहभागिता को बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शरद चंद्र द्विवेदी, अशोक गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, मुकेश सिंह, पूरन राजवाड़े, लालसाय पावले, गोपाल शरण सिंह, राजनाथ पैकरा, अभय तिवारी, रामदेव रजक, अनुराग द्विवेदी, विश्वजीत सोनी, प्रतीक जायसवाल, शशि रंजन सिंह,ज्योति कला पैकरा, फागु चक्रधारी, सुनील जायसवाल, मीना श्रीवास्तव, कलावती जायसवाल, बसंत यादव, लालसाय नेताम, शिवनंदन पैकरा, सोहरसाय पैकरा, हिमांशु सिंह, अमित सिंह, नागेन्द्र सिंह, विकास तिवारी, शुभम जायसवाल, सौरभ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुम्दा कॉलोनी में दिनदहाड़े शिक्षिका से पर्स लूटकर फरार हुआ नकाबपोश बाइक सवार

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के कुमदा कॉलरी में सोमवार दोपहर एक शिक्षिका से दिनदहाड़े पर्स लूट की घटना सामने आई है। नकाबपोश बाइक सवार युवक शिक्षिका के हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर बाजारडांड में गणित विषय की व्याख्याता कृष्णा नायक कुमदा कॉलोनी में परिवार सहित निवास करती हैं। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे वह कुमदा कॉलोनी स्थित एटीएम से राशि निकालने के बाद पैदल ऑटो स्टैंड की ओर जा रही थीं। इसी दौरान उनके घर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर गमछे से चेहरा ढंके एक बाइक सवार युवक ने उनका पीछा किया और हाथ में रखा पर्स छीनकर मौके से फरार हो गया। बताया गया कि पर्स में मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, चेकबुक, घर की चाबी तथा करीब पांच हजार रुपये नकद रखे हुए थे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी खदान मार्ग की ओर तेजी से भाग निकला। दोपहर में तेज धूप होने के कारण सड़क पर लोगों की आवाजाही भी कम थी, जिससे आरोपी को भागने में आसानी हुई। घटना के बाद शिक्षिका तत्काल स्टेट बैंक की शाखा पहुंचीं और बैंक प्रबंधक को मामले की जानकारी देकर खाते से किसी भी प्रकार के लेनदेन पर रोक लगाने का अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने बिश्रामपुर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मुकेश गोयल पिता स्व. कोलकिसन गोयल उम्र 35वर्ष, जाति अग्रवाल निवासी नगर पंचायत प्रतापपुर थाना व तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र वेदांस गोयल के जन्म प्रमाणपत्र में माता का नाम त्रुटिवश-रिया गोयल दर्ज हो गया है। मेरी पत्नी का सही नाम-अदिति गोयल तथा उनका पुकारू नाम रिया गोयल उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरी पत्नी अदिति गोयल है। मैं मेरे पुत्र वेदांस गोयल के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज माता का नाम-रिया गोयल है, उसे सुधार कराकर अदिति गोयल दर्ज कराना चाहता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
मुकेश गोयल
स्व.कोलकिसन गोयल
निवासी- नगर पंचायत
प्रतापपुर थाना व तहसील
प्रतापपुर, जिला सूरजपुर छ.ग.

## सरगुजा संभाग में 'आकार-2026' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं और पारंपरिक शिल्प के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से संस्कृति विभाग द्वारा "आकार-2026" पारंपरिक शिल्प एवं विविध कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 8 जून से 14 जून 2026 तक सरगुजा संभाग के उदयपुर और लखनपुर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को प्रदेश की लोक कला परंपराओं से जोड़ना तथा उनमें पारंपरिक शिल्प और कला के प्रति रुचि विकसित करना है।

- उदयपुर और लखनपुर में 8 से 14 जून तक चलेगा पारंपरिक शिल्प एवं कला प्रशिक्षण शिविर

संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को नृत्य, नाटक, वाद्ययंत्र, चित्रकला, क्ले आर्ट, म्यूरल आर्ट, हस्तकढ़ाई, ड्राई फ्लावर आर्ट, कोरिया कला, रजवार मिट्टी चित्र, मेहंदी, मृदा शिल्प, गोदना कला और बांस शिल्प सहित कुल 14 पारंपरिक कला विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन विधाओं में प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों और पारंगत कला गुरुओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रतिभागियों को कला के व्यावहारिक एवं तकनीकी पक्षों की जानकारी मिल सके। शिविर के अंतर्गत उदयपुर में प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित होगा, जबकि लखनपुर में पीएमश्री स्कूल परिसर में शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रक्रिया 6 जून से प्रारंभ हो चुकी है और इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित शुल्क जमा कर इसमें भाग ले सकते हैं। "आकार-2026" का उद्देश्य केवल पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रदेश की विलुप्तप्राय और लोक जीवन से जुड़ी कला विधाओं को संरक्षित करना भी है। प्रशिक्षण के माध्यम से युवा कलाकारों को अनुभवी गुरुओं के मार्गदर्शन में सीखने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और भविष्य में स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षण शिविर के लिए पंजीयन शुल्क मात्र 100 रुपये निर्धारित किया गया है। दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों को शुल्क में विशेष छूट प्रदान की जाएगी



## खेलो इंडिया सेंटर से निकाली गई साइकिल रैली, विजेताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर साइकिलिंग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

साइकिल रैली का शुभारंभ खेलो इंडिया सेंटर हर्राटिकरा से हुआ। रैली कुन्जनगर के अटल चौक से बाएं मुड़ते हुए शिवनंदनपुर मार्ग से होकर स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बिश्रामपुर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। समापन समारोह की शुरुआत जुम्बा संचालक दीपक एवं साइकिल रैली में शामिल प्रतिभागियों द्वारा जुम्बा योग-नृत्य प्रस्तुति के साथ हुई।कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में डीईओ अजय मिश्रा, वॉलीबॉल संघ के सचिव रामश्रृंगार यादव, पंकज गर्ग तथा बीईओ हरेन्द्र सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय ने आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल और स्वास्थ्य के लिए साइकिलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला,प्रतियोगिता में बालक वर्ग में दीपक कुमार ने प्रथम, अंकित राजवाड़े ने द्वितीय तथा प्रियांश राजवाड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में उषा कुमारी प्रथम, सुधी रंजक द्वितीय एवं सौम्या तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि चौथे से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281 | 8120906000 | 8120809000
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी स्पाइन और ब्रेन सर्जरी हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा) 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ) एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बीज उपलब्ध कराने के लिए नमूना संग्रहण



**मनेन्द्रगढ़।** कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने तथा बीज एवं उर्वरक गुण नियंत्रण अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई सतत रूप से की जा रही है। उप संचालक कृषि, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एमसीबी के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय निरीक्षक जितेन्द्र झा द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न उर्वरक एवं बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्रहरी कृषि सेवा केन्द्र, नागपुर, कोरिया कृषि विकास केन्द्र, जायसवाल कृषि सेवा केन्द्र सहित अन्य प्रतिष्ठानों से बीज एवं उर्वरक के नमूने संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर बीज एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर नमूने लिए जा रहे हैं, जिससे कृषकों को मानक गुणवत्ता की कृषि आदान सामग्री उपलब्ध हो सके। नमूनों के परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत संबंधित अधिनियमों एवं नियमों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 120 बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**अनूपपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर द्वारा 1 मई से 30 मई तक आयोजित समर कैंप का भव्य समापन नगर परिषद बनगवां में किया गया। एक माह तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 120 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभाओं को निखारना तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना रहा। समापन समारोह में नगर परिषद बनगवां के अध्यक्ष यशवंत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन लाल पनिका, रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव रामचंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त ग्रामीण ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुमडेवा केदमा निवासी निर्मल खेस (46 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 4 जून की शाम नशे में घर पहुंचा और परिजन से विवाद करने लगा। इधर पति के विवाद करने पर पत्नी बाड़ी में जाकर सो गई। तड़के पत्नी कमरे में आई तो देखी पति गंभीर हालत में पड़ा हुआ है। कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जंगल में सो रहे मजदूरों पर देर रात गजराज का हमला, क्षेत्र में दहशत

# सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों को हाथी ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

कोरिया जिले के सोनहत ब्लाक से लगे सुदूर वनांचल क्षेत्र कोटाडोल के ग्राम देवशील में रविवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार रामगढ़-कोटाडोल सड़क निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। देवशील ग्राम के पास पुलिया एवं सड़क निर्माण का कार्य जारी है। निर्माण कार्य में लगे मजदूर रात के समय जंगल किनारे झिल्ली बनाकर अस्थायी रूप से ठहरे हुए थे। बताया जा रहा है कि बीती रात जंगल में विचरण कर रहे एक हाथी ने अचानक मजदूरों पर हमला कर दिया। घटना में गौरव गोंड पिता पूरन सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी नगर तथा अमर सिंह गोंड पिता जायकरन गोंड उम्र 33 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाथी के हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद अन्य मजदूर जान बचाकर भागे और शोर मचाते हुए किसी तरह अपनी जान बचा सके। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सुबह घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की गई तथा आगे की वैधानिक प्रक्रिया जारी है। वहीं घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों और मजदूरों में भारी दहशत व्याप्त है। वनांचल क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और हाथियों की लगातार निगरानी की मांग की है। लगातार बढ़ रही हाथियों की आवाजाही और मानव बस्तियों के करीब पहुंचने की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि जंगल क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था नहीं होने से ऐसे हादसे लगातार सामने आ रहे हैं।



मृतक।



घटनास्थल।



अस्पताल में भर्ती घायल।

## सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चैनपुर क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लगे सड़क किनारे खड़े कंटेनर से तेज रफ्तार बाइक के टकरा जाने से यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रिफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच 43 पर गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी था। इसी दौरान कार्यस्थल के समीप सड़क किनारे एक भारी कंटेनर खड़ा था। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार से आ रही बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे कंटेनर से जा भिड़ी। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए अंबिकापुर रिफर करने का निर्णय लिया, जबकि तीसरे युवक का उपचार जारी है।



हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा तेज रफ्तार, लापरवाही अथवा कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण हुआ। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पास आवश्यक चेतावनी संकेतक और रिफ्लेक्टर लगाए गए थे या नहीं। फिलहाल पूरे क्षेत्र में इस हादसे को लेकर चिंता का माहौल है और लोग सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन कार्य स्थलों पर सुरक्षा मानकों के पालन की मांग कर रहे हैं।




# 6 माह में उखड़ी सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- गुणवत्ता पर उठे सवाल, छिंदिया गांव का मामला

कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदिया में डीएमएफ मद से करीब 19 लाख 57 हजार रूपए की लागत से निर्मित सीसी सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग छह माह पहले बनी यह सड़क अब कई स्थानों से टूटकर उखड़ने लगी है।

जानकारी के अनुसार देवलाल के घर से फूलसाय के घर तक लगभग 530 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। सड़क की ऊपरी परत कई जगह से टूटकर बिखर रही है और गिट्टियां बाहर निकलने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क से वर्षों तक बेहतर आवागमन की उम्मीद थी, वह कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई। सड़क की स्थिति देखकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री के सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में पक्की सड़क निर्माण की मांग की थी, इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी आरईएस विभाग की निगरानी में ग्राम पंचायत छिंदियां को सौंपी गई थी। अब सड़क के क्षतिग्रस्त होने के बाद ग्रामीण निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि कार्य गुणवत्ता के साथ किया गया होता तो सड़क इतनी जल्दी खराब नहीं होती।

सूत्रों के मुताबिक सड़क की बदहाल स्थिति कैमरे में कैद होने के बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में रिपेयरिंग कार्य शुरू कराया गया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि नई सड़क जब छह महीने भी नहीं टिक पाई तो मरम्मत कार्य कितने दिनों तक टिकेगा, यह बड़ा सवाल है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, तभी सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

### जांच कराया जाएगा

पूरा मामला जांच का विषय है, आखिर दोषी कौन है। जांच प्रतिवेदन आने के बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-ए.पन्ना, सीईओ
जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर

# सोनहत में चार बाल विवाह प्रशासन ने रुकवाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- दो जोड़ों पर जारी हुआ निषेधाज्ञा आदेश

कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र में प्रस्तावित चार बाल विवाहों को जिला प्रशासन, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों से सफलतापूर्वक रोका गया। त्वरित हस्तक्षेप और कानूनी कार्रवाई के चलते दो जोड़ों के विवाह पर निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया, जिसके बाद संबंधित परिवारों ने बाल विवाह नहीं करने की सहमति दी।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिला बाल संरक्षण इकाई को सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायत रामगढ़, उज्ञांव और नवाटोला में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई थी। जांच के दौरान एक प्रकरण में बालिका की आयु 14 वर्ष एवं बालक की आयु 19 वर्ष तथा दूसरे प्रकरण में बालिका और बालक दोनों की आयु 17-17 वर्ष पाई गई। जांच में बाल विवाह की पुष्टि होने पर संबंधित परिवारों को समझाइश दी गई, लेकिन विवाह की तैयारियां जारी रहने के कारण प्रकरण सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया और बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की। कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों परिवारों ने बाल विवाह नहीं करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें।

तथा किसी भी संभावित बाल विवाह की सूचना तत्काल जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन अथवा निकटतम पुलिस थाना को दें। प्रशासन ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के अधिकारों का हनन करता है। बाल अधिकारों की सुरक्षा तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। बाल विवाह मुक्त कोरिया के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से अभियान चला रहे हैं।

# मंत्री नेताम ने किया शुभंकर पोस्टर का विमोचन

**बैकुण्ठपुर।** स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में कोरिया जिले ने एक अभिनव पहल की शुरूआत की है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छग शासन के मंत्री रामविचार नेताम ने सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम तरगवां में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में सफइता भैया एवं सफइतिन दीदी शुभंकर पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री नेताम ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत प्रत्येक परिवार, संस्था और व्यवसायिक प्रतिष्ठान को कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करना होगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि गीले, सूखे, सेनेटरी और घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करना अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यक नागरिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इस पहल को स्वच्छ कोरिया, सुघ्घर कोरिया, समृद्ध कोरिया के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया।



विमोचन करते मंत्री, विधायक व अन्य।

# दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को शिविर में मिले सहायक उपकरण

बैकुण्ठपुर। छग शासन के दिशा-निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत सुशासन को धरातल पर लाने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सोमवार को जनपद पंचायत बैकुंठपुर की ग्राम पंचायत तरगवां में जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए। सहायक उपकरणों का वितरण छग शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछलीपालन तथा पशुधन विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, विधायक भईयालाल राजवाड़े तथा कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के करकमलों से किया गया। शिविर में ग्राम कसरा निवासी जगमोहन पिता श्री सुखदेव को आवागमन सुगम बनाने के लिए ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम कुसुमदुगा निवासी 72 वर्षीय बालकृष्ण पिता जानसाय तथा ग्राम चेरवापारा निवासी 80 वर्षीय धनसाय पिता ननका को व्हीलचेयर प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त 6 वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण विभाग की ओर से छड़ी एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े एवं जिपं सदस्य गीता राजवाड़े, जिपं सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी विभागों के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# स्वच्छ भारत अभियान के तहत चला सफाई अभियान

कोरिया कॉलरी। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 8 जून को बाबा भीमराव अंबेडकर चौक कोरिया कॉलरी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भगवान शंकर के नवनिर्मित मंदिर एवं बाबा अंबेडकर चौक परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रभारी मंडल मंत्री अनिरूद्ध प्रजापति को बनाया गया था। अभियान में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कलसा, मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी, कोरिया कॉलरी प्रभारी रणविजय सिंह, सहप्रभारी दुर्गा सोनी, अनुसूचित जाति मोर्चा चिरमिरी मंडल उपाध्यक्ष राजकुमारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रितेश पांडे, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद मोती प्रधान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष मीना कुमारी, अंजन घोष, उमेश कबीर, कार्यकारिणी सदस्य श्याम शेर सिंह, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता महेन्द्र कुमार गुप्ता, सोनिया कौशिक, पुन्नूलाल केवट आदि शामिल रहे।

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

### ग्राम तरगवां शिविर में 20 गांवों के ग्रामीण पहुंचे

# नशामुक्ति और टीबी मुक्त कोरिया का मंत्री ने दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर आयोजित राज्यव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम तरगवां में जिले का अंतिम जनसमस्या निवारण शिविर आ यो जि त किया गया।

शिविर में 20 गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कैबिनेट मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने किसानों, महिलाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री नेताम ने किसानों से धान के साथ-साथ कोदो, कुटकी, रागी, दलहन और तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जबकि मोटे अनाज, दलहन और तिलहन कम पानी में बेहतर उत्पादन देते हैं। फसल चक्र अपनाने से किसानों की आय में वृद्धि होगी और भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी। उन्होंने रासायनिक खाद के बढ़ते दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से जमीन की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि विष्णु देव साय सरकार ने गठन के बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति दी है, जिसका लाभ कोरिया जिले के पात्र हितग्राहियों को भी मिल रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सर्वे में शामिल प्रत्येक पात्र परिवार को आवास का लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जानकारी दी कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों में अब तक 5,332 आवेदन प्राप्त हुए हैं।




शपथ दिलाते कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम।

## खबर संक्षेप



### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया गया कैरियर मार्गदर्शन व सम्मान

**भैयाथान।** सर्व यादव समाज द्वारा प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन मंगल भवन भैयाथान में किया गया, जिसमें क्षेत्र की विधायक व कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। जिला स्तरीय आयोजन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 52 बच्चों को मेडल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं विश्वनाथ यादव सहित विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा बच्चों का कैरियर मार्गदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधाकृष्ण की छाया चित्र पर पूजा अर्चना व अतिथि स्वागत के साथ किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता, बच्चों का उत्साह वर्धन, व उनके लक्ष्य निर्धारण में सहायक बताया। उन्होंने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को शिक्षा के साथ संस्कार पर जोर दिया, वहीं कुदरगढ़ में यादव धर्मशाला अतिरिक्त कक्ष हेतु 15 लाख स्वीकृत करने की घोषणा की। संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव एवं जिला उपाध्यक्ष ने बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। जिला अध्यक्ष रमा शंकर यादव ने संगठन की मजबूती पर बल दिया, वहीं विभिन्न वक्ताओं में पारस यादव ने चरित्र निर्माण, रामनरेश यादव ने धर्म एवं संस्कृति, भोरे लाल यादव ने धन की बचत व संजय यादव कार्यकारी जिलाध्यक्ष द्वारा जीवन में शिक्षा व अनुशासन का महत्व पर प्रकाश डाला। इनके अलावा परमेश्वर यादव, राजाराम यादव, संजीव यादव व डॉ. विजय यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में समाज प्रमुखों की बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान संजय यादव, अंगद यादव, धनीराम यादव, रामप्रताप यादव, कुंजलाल यादव, शिवकुमार यादव, देवेन्द्र कुमारी यादव, दशमत यादव, उर्मिला यादव, संजीव यादव, मनीष यादव, अजय यादव, संधारी यादव, मनीष यादव, अवधेश यादव, रमेश यादव, जितेन्द्र यादव, संतोष यादव मनोज यादव, जगदेव यादव, छत्रधारी यादव, बलीराम यादव, गंगा यादव, हीराराम यादव, कौलेश्वर यादव, विपिन यादव, कुंजबिहारी यादव, कृष्ण यादव सहित छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत के वार्ड में किया गया फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे



**प्रतापपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड प्रतापपुर के नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 6, नरोला सरना पारा, मतिगाड़ा एवं मायापुर-2 डबरी पारा में फाइलेरिया नाइट ब्लड सर्वे संपन्न हुआ। सर्वे कार्यक्रम के प्रभारी उत्तरा कुमार महिलांगे के नेतृत्व में किया गया। ज्ञातव्य है कि हाल ही में उक्त क्षेत्रों से फाइलेरिया के पॉजिटिव प्रकरण प्राप्त हुए थे। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार पॉजिटिव प्रकरण प्राप्त होने के उपरांत मरीज के निवास स्थान एवं उसके आसपास के क्षेत्र में 3 एवं 4 जून की रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक नाइट ब्लड सर्वे आयोजित किया गया। सर्वे के दौरान पॉजिटिव मरीज के घर एवं आसपास निवासरत 20 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों से रक्त नमूने एकत्रित किए गए। जिनका परीक्षण फाइलेरिया संक्रमण की स्थिति का आकलन करने हेतु किया जाएगा। यह जांच रात्रिकाल में की जाती है क्योंकि फाइलेरिया परजीवी के सूक्ष्म रूप रात के समय रक्त में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं, जिससे संक्रमण की पहचान अधिक सटीक रूप से की जा सकती है। इस प्रकार सर्वेक्षण के माध्यम से संक्रमण की वर्तमान स्थिति का आकलन कर आवश्यक नियंत्रणात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं। सर्वेक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्षेत्रवासियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मच्छर नियंत्रण एवं स्वच्छता संबंधी उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया।

### सुबह घूमकर घर आए शिक्षक ने लगा ली फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्नी के साथ तड़के घुमकर घर लौटे शिक्षक ने अपने कमरे में फांसी लगा लिया जिससे शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार नमनाकला पावर हाउस समीप निवासी शिक्षक अशोक जायसवाल आ. स्व. राम ललन (61 वर्ष) हर रोज की भांति तड़के 5 बजे पत्नी के साथ घूमने के लिए गए थे। लगभग एक घंटे बाद वापस घर लौटे तो पत्नी घर के काम करने में जुट गई जबकि पति अपने कमरे में चला गया। कुछ समय बाद जब पत्नी काम कर कमरे में गई तो उसके होश उड़ गए। पति रस्सी के सहारे फांसी में मृत हालत में लटका हुआ था। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और घटना की सूचना गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा पश्चात शव को पीएम के लिए भेज दिया जहां पोस्टमार्टम कराने के पश्चात शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया। शिक्षक ने किस कारण फांसी लगाई इसका पता नहीं चल सका। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

## प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने की विभाग के कार्यों की समीक्षा

# शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, जिपं अध्यक्ष देवनारायण यादव, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**खास बात**
- अधिकारियों को दिए अधूरे निर्माण को बरसात पूर्व पूरा कराने के निर्देश

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने जिले में संचालित शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली तथा कहा कि जनप्रतिनिधियों को उनसे सम्बंधित क्षेत्र के स्वीकृत आवासों की सूची उपलब्ध कराएं। शेष निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करें तथा लोगों को समय सीमा में निर्माण पूरा करने प्रोत्साहित करें। अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में लोगों का पेयजल, बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या ना हो, अधिकारी समस्या का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने समस्या का यथाशीघ्र निराकरण करें। उन्होंने सड़कों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार सड़कों के सुधारीकरण एवं मरम्मत के निर्देश दिए तथा बारिश के मौसम से पूर्व सभी निर्माण कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने कहा। उन्होंने पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने, नवीन वृक्षारोपण करने, हाथियों से हुई जनहानि में मृतक के परिवार को यथाशीघ्र सहायता राशि प्रदान करने निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की बहुत सी योजनाओं के लिए ई-केवाईसी जरूरी है इसलिए प्राथमिकता के साथ लोगों का ईकेवाईसी करवाएं। महतारी वंदन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना सुनिश्चित करें, पात्र हितग्राहियों का नाम ना छूटे। बैठक में उन्होंने केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालयों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा प्रभारी मंत्री मद से शव वाहन की स्वीकृति देने कहा।



बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

#### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं

प्रभारी मंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन की समस्या का त्वरित निराकरण हो। इस दौरान त्रुटि सुधार, नक्शा बटांकन, सीमांकन, नामांतरण, आधार सीडिंग, डिजिटल हस्ताक्षर, किसान किताब पत्र, जेंडर प्रविष्टि, कोटवारी भूमि, अतिक्रमण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की।

#### आपसी समन्वय के साथ करें कार्य

बैठक में मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरगुजा के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय हो। शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

#### किसानों को समय पर पर्याप्त खाद बीज उपलब्धता करें सुनिश्चित

समीक्षा बैठक में मंत्री श्री चौधरी ने जिले में खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को समय पर खाद - बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए।जिले के सभी खाद विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करें। उर्वरक की कालाबाजारी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें। जिले में पर्याप्त मात्रा में बीजों का भी भंडारण रहे और वितरण समय पर हो।



## आईटीआई कॉलेज और छात्रावास की जमीन पर निजी दावे से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत करजी में संचालित आईटीआई कॉलेज एवं छात्रावास की जमीन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शासकीय भूमि पर फर्जी तरीके से पट्टा जारी कर एक निजी व्यक्ति ने अपना दावा किया है। मामले के सामने आने के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तथा चक्का जाम की चेतावनी दी है।

- फर्जी पट्टे की आशंका पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

जानकारी के अनुसार ग्राम करजी के उदेनु पारा में आईटीआई कॉलेज और छात्रावास पिछले लगभग 15 वर्षों से संचालित हैं। वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा इस संस्थान का लोकार्पण भी किया गया था। वर्तमान में कॉलेज परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था। इसी दौरान एक निजी व्यक्ति द्वारा निजी भूमि बताकर बाउंड्री वाल निर्माण को निजी व्यक्ति द्वारा तहसील कार्यालय से स्थगन कर दिया जिसके बाद बाउंड्री वाल निर्माण को रोक दिया गया। इसके बाद पूरा मामला गांव में चर्चा का विषय बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस व्यक्ति के नाम पर पट्टा जारी हुआ है उसके बारे में गांव के अधिकांश लोगों को कोई जानकारी नहीं है। उनका आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर शासकीय भूमि को निजी नाम पर दर्ज किया गया है। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि भूमि निजी स्वामित्व की थी, तो फिर पिछले डेढ़ दशक से वहां शासकीय आईटीआई कॉलेज और छात्रावास का संचालन कैसे हो रहा था। ग्राम करजी के सरपंच संजय कुमार ने बताया कि आईटीआई कॉलेज और छात्रावास का निर्माण लगभग 15 वर्ष पूर्व शासकीय भूमि पर हुआ था। जिस व्यक्ति मदन सिंह के नाम पर पट्टा जारी हुआ है, वह तीन से चार वर्ष पहले का बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच की मांग करते हुए आवेदन भी दिया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यदि पट्टा निरस्त नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

इस संबंध में तहसीलदार कावेरी मुखर्जी ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। बाउंड्रीवाल निर्माण, नक्शा, खसरा तथा संबंधित भूमि अभिलेखों का परीक्षण किया जा रहा है। जिस व्यक्ति के नाम पर पट्टा जारी हुआ है, उसे नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। यदि पट्टा फर्जी पाया जाता है तो नियमानुसार उसे निरस्त कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एसईसीएल बिश्रामपुर के अधिकतर क्वार्टरों में बाहरी लोगों का कब्जा, कोल कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहे आवास

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कंपनी के लगभग 3,491 आवास होने के बावजूद करीब 700 कर्मचारियों को आवास भत्ता यानि एचआरए देना पड़ रहा है। आवासों की उपलब्धता के बावजूद बड़ी संख्या में क्वार्टरों पर अवैध कब्जे और जर्जर आवासों के कारण कर्मचारियों को कंपनी आवास नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे हर माह कंपनी पर 10 लाख रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ रहा है।

- कम्पनी के 288 क्वार्टर जर्जर पड़े, 475 क्वार्टरों के कब्जाधारियों की बनी सूची
- कोल कम्पनी को अपने कर्मचारियों को देना पड़ रहा आवास भत्ता, हर माह पड़ रहा अतिरिक्त वित्तीय बोझ

जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर, कुमदा और आरजीके सब एरिया को मिलाकर कुल 3,491 कंपनी आवास हैं। इनमें 288 आवास क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं, जबकि लगभग 475 आवासों पर बाहरी व्यक्तियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कब्जा बताया जा रहा है। इसी वजह से पात्र कर्मचारियों को आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं और उन्हें एचआरए यानि आवास भत्ता का भुगतान किया जा रहा है।स्थिति को गंभीर मानते हुए क्षेत्रीय प्रबंधन ने सभी आवासों का नए सिरे से सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए टीम गठित कर सर्वे कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

मामले में संपदा अधिकारी जीके रॉय ने कहा कि अवैध रूप से कंपनी आवासों में रह रहे लोगों को स्वयं क्वार्टर खाली कर देना चाहिए, अन्यथा उन्हें न्यायालयीन कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कई प्रकरण तैयार किए जा चुके हैं और अगले 15 से 20 दिनों में उन्हें सम्पदा न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

#### प्रबंधन अब सख्ती के मुड़ में, 27 आवास कराए खाली

प्रबंधन द्वारा नए वित्तीय वर्ष से अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए जाने का असर दिखाई देने लगा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार हाल के दिनों में 27 लोगों ने कंपनी को क्वार्टर खाली कर उसकी चाबी सौंप दी है। इसके अलावा लंबे समय से आवास खाली नहीं करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अन्य अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। प्रबंधन ऐसे मामलों को सम्पदा न्यायालय में प्रकरण चलाने की तैयारी में है।

#### नियम विरुद्ध जारी आबंटन आदेशों की होगी जांच

प्रबंधन के अनुसार कंपनी आवासों के नियम विरुद्ध तरीके से आबँटित आदेशों के जरिए शिक्षक, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग सहित राज्य शासन के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने कंपनी आवासों पर कब्जा कर लिया है।प्राप्त जानकारी अनुसार सूरजपुर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ रहे एक कथित लिपिक द्वारा अपर कलेक्टर के पदनाम का दुरुपयोग कर कथित रूप से नियम विरुद्ध गलत आबंटन पत्र जारी किए जाते रहे हैं।जारी हुए क्वार्टर आबंटन पत्र में एसईसीएल प्रबंधन को निर्धारित किराया वसूली करने के लिए निर्देशित किया गया , लेकिन अब तक कथित रूप से कब्जाधारियों से कोई किरायावसूली नहीं हो पाई है और न ही कब्जा खाली कराया जा सका है।सैकड़ों की संख्या में क्वार्टरों में कब्जा होने के अब कई वर्षों बाद कम्पनी प्रबंधन की नींद टूटी है, प्रबंधन का कहना है कि कंपनी आवास एसईसीएल की संपत्ति हैं और उनका आवंटन केवल कंपनी के नियमों के अनुसार ही किया जा सकता है। इसलिए अब सभी संदिग्ध आबंटनों का सत्यापन कराया जाएगा। संबंधित आवासों में रहने वालों को नोटिस जारी कर जवाब और दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर किशोर की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम मानी व पोड़ी के बीच दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्घटना में गंभीर हुए एक किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी अगस्त बाबू आ. चंद्रशेखर (15 वर्ष) 4 जून को बुआ के बेटा अमरूद के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में बाइक से अंबिकापुर आए थे। शाम को दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम मानी व पोड़ी के बीच पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार अगस्त गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके बुआ के लड़के को मामूली चोटें आई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर गत दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## शासकीय आईटीआई के प्रशिक्षण ट्रक से चोरों ने पार किया टायर और बैटरी

**रामानुजगंज।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपयोग किए जा रहे टाटा सिग्ना ट्रक से चोरों द्वारा टायर और बैटरी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद संस्था प्रबंधन ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार व्यवसाय मैकेनिक डीजल के विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण देने के लिए संचालनालय से हाल ही में टाटा सिग्ना ट्रक उपलब्ध कराया गया था। वाहन संस्थान परिसर में खड़ा था। इसी दौरान चोरों ने वाहन के पीछे लगे चारों चक्कों को रिंग सहित निकाल लिया। इसके अलावा वाहन की स्टेपनी तथा बैटरी भी चोरी कर ली गई। संस्थान प्रशासन द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके आधार पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार चोरी गए टायर, रिंग और बैटरी की कुल कीमत लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये के बीच बताई जा रही है। हालांकि पुलिस जांच के बाद वास्तविक नुकसान का आंकलन स्पष्ट हो सकेगा। घटना ने संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले सरकारी वाहन से इस प्रकार की चोरी होने के बाद संस्थान प्रबंधन और विद्यार्थियों में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा चोरों की तलाश जारी है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## भवन निर्माण में भारी लापरवाही, घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप

**ओड़गी।** ओड़गी में आबकारी विभाग भवन निर्माण में लापरवाही बरतने पर क्षेत्र ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने भवन निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग करने तथा भवन गुणवत्ताहीन बनाने पर जांच व कार्रवाई करने की मांग की है।

- क्षेत्र के ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

आबकारी विभाग द्वारा प्रकाश इंडस्ट्रीज भैयाथान के माध्यम से 19 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल उठने लगे है। सूत्रों के मुताबिक गुणवत्ता को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि भवन की ढलाई में जीरा गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है, जो निर्माण मानकों के विपरीत है। इससे भी चौंकाने वाली बात यह है कि हल्की बारिश होते ही निर्माण में उपयोग की गई ईंटों की गुणवत्ता की पोल खुल गई है। हालही में हुई बारिश से ईंटें गलने लगी हैं। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ईट की गुणवत्ता कैसी है। निर्माण में बेहद घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। 19 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस भवन के निर्माण में लापरवाही चरम पर है। जिस तरह से निर्माण चल रहा जिससे लगता है कि निर्माण स्थल पर कोई उचित निगरानी नहीं की जाती है। भवन निर्माण की देख रेख नहीं होने से ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण कर रहे हैं। इस तरह की घटिया सामग्री और बिना देखरेख के बन रहे भवन के स्थायित्व पर भी सवाल उठने लगे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भवन आखिर कब तक खड़ा रह पाएगा। यदि यह भवन जल्द ही जर्जर हो जाता है, तो यह सरकारी धन का सीधा दुरुपयोग होगा। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण पर स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग को तत्काल संज्ञान में लेने की मांग की है। साथ ही मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



#### कराई जाएगी जांच

भवन निर्माण में लापरवाही बरती जा रही और घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।
-कौशल विश्वकर्मा, प्रकाश कोल माइंस सब इंजीनियर

## पंप चोर गिरोह के सदस्य व खरीदार समेत 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के जयनगर थाना अंतर्गत लटोरी चौकी पुलिस ने पंप चोरी के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के पंप खरीदने वाले आरोपियों सहित कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 समरसेबल और 3 मोनोब्लॉक पंप समेत अन्य चोरी का सामान बरामद किया है।

- चोरी हुए आधा दर्जन समरसिबल पंप किये गये बरामद

पुलिस के अनुसार पूर्व में 6 जून 2025 को पंप चोरी गिरोह के दो आरोपियों कृष्णा पंडो और इंदर पंडो सहित एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से चोरी के पंप जब्त किए गए थे। मामले की विवेचना जारी थी। इसी दौरान 7 जून 2026 को अनुज राजवाड़े (द्वारिकानगर), संतोष ठाकुर (लटोरी) और पितांबर राजवाड़े (मंजीरा) ने अपने खेत और बाड़ी से पंप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। मुखबिर से प्राप्त सूचना और विवेचना में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने तिलेश्वर प्रसाद राजवाड़े (39), इंद्रपाल पैकरा (32), लालमोहन चेरवा (25), बिवेश्वर चेरवा उर्फ दारू (23), टेमसाय उर्फ जदु (23), गणेश राजवाड़े (35) तथा पारस पैकरा (31) को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी मंजीरा क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों को सोमवार 8 जून को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोनोब्लॉक पंप, गंगा कावेरी कंपनी का एक समरसेबल पंप, सीआरआई कंपनी का एक समरसेबल पंप तथा अन्य मोनोब्लॉक पंप जब्त किए हैं। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह, रामनिवास तिवारी तथा आरक्षक संतोष जायसवाल, विकास मिश्रा, हरिओम पांडेय, शोभनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का सक्रिय रहे।बता दें कि क्षेत्र में लगातार हो रही पंप चोरी की घटना के बाद दर्जन भर गांव के ग्रामीण एकजुट होकर लटोरी पुलिस के खिलाफ पिछले दिनों मोर्चा खोल विरोध प्रदर्शन किया था, साथ ही पम्प चोरों को पकड़कर पुलिस को सौंपा था।काफी हो हंगामे के बाद मामले में लटोरी पुलिस की खासी किरकिरी हुई थी जिससे सबक लेते हुए पुलिस ने पंप चोरी में शामिल आरोपियों को पकड़कर उनसे चोरी का सामान जप्त कर सभी को सोमवार को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।




